# समापन भाषण

**अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा का सप्तम सत्र दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल- पाँच बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 को महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2022 की प्रति प्रभारी मंत्री वाणिज्यकर विभाग द्वारा सदन पटल पर रखी गयी। सप्तदश बिहार विधान सभा के षष्ठम् सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित विधेयक का विवरण सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया एवं उसी दिन प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया । कुल- सत्रह जननायकों के निधन के प्रति शोक व्यक्त किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 1989-90 का अधिकाई व्यय विवरण सदन में उपस्थापित किया गया ।

दिनांक 15 दिसम्बर, को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 1989-90 के अधिकाई व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदान की माँग सदन द्वारा स्वीकृत हुई ।

दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद-151(2) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार बिहार सरकार का 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष 2018-19 के स्थानीय निकायों पर वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन एवं 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष 2020-21 के प्रतिवेदन ''राजस्व प्रक्षेत्र'', बिहार में सतही सिंचाई परियोजनाओं के परिणामों पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, खनिज प्राप्तियों के मूल्यांकन और संग्रहण में प्रणालियों और नियंत्रणों पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा निष्पादन एवं अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की एक-एक प्रति महामहिम राज्यपाल, बिहार के अनुमति के आलोक में सदन पटल पर रखे गये तथा उक्त प्रतिवेदन को बिहार विधान सभा के समक्ष रखे जाने के पश्चात् इन पर लोक लेखा समिति द्वारा विचार किये जाने के पूर्व जनता में बिक्री के लिए प्राप्य होने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम-2006 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के उपलब्धि प्रतिवेदन पुस्तका की प्रति एवं बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम-2006 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के ग्रीन बजट पुस्तिका की प्रति सदन पटल पर रखी गयी । उसी दिन वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान की माँग पर वाद-विवाद हुआ तथा सरकार के उत्तर के बाद माँग स्वीकृत हुई एवं शेष माँगे गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुई तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक भी स्वीकृत हुआ ।

इस सत्र में निम्न राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली :-

1) बिहार विशेष न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022.
2) बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2022.
3) बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022.
4) बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1989-90) विधेयक, 2022.
5) बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2022.
6) बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022.
7) बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2022.

सत्र के दौरान कुल-843 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 678 प्रश्न स्वीकृत हुए । इन स्वीकृत 678 प्रश्नों में कुल-30 अल्पसूचित प्रश्न थे जिनमें 26 के उत्तर प्राप्त हुए, कुल-543 तारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए जिनमें 522 के उत्तर प्राप्त हुए । साथ ही 105 प्रश्न अतारांकित हुए ।

इस सत्र में कुल-96 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 08 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए, 81 सूचनाएँ लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये तथा 07 अमान्य हुए ।

इस सत्र में कुल-136 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 132 स्वीकृत हुए एवं 04 अस्वीकृत हुए । कुल-109 याचिकाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 100 स्वीकृत एवं 09 अस्वीकृत हुई । इस सत्र में कुल-100 गैर सरकारी संकल्प की सूचना पर सदन में चर्चा हुई ।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल के माध्यम से जनहित के कतिपय मामले उठाये गये एवं विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन, नियमावली, अधिसूचना की प्रति तथा बिहार विधान सभा के विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गये ।

माननीय सदस्यगण, सत्र के संचालन में सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, नेता, विरोधी दल एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ ही पक्ष-प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ ।

समाचार प्रेषण में पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही सफलता से ले जाने का कार्य किया, इस हेतु उन्हें भी मैं साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित पुलिस बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वह्न किया है इसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं ।

क्रिसमस की शुभकामनाओं के साथ नव वर्ष 2023 के शुभागमन में मैं प्रदेश की जनता एवं आप सबों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखद जीवन की मंगल कामना करता हूँ ।

**अध्यक्षः अब सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की जाती है ।**